Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding rail connectivity to Giridih railway station in Jharkhand from Ranchi and Howrah

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

मैं अपने गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की रेल संबंधी कुछ महत्वपूर्ण बातें सदन के समक्ष रखना चाहता हूं । गिरिडीह रेलवे स्टेशन पर रेक लोडिंग पॉइंट बनाए जाने की आवश्यकता है । गिरिडीह से कोलकाता जाने के लिए जो एक्सप्रेस बोगी लगती थी, उसमें दो बोगी जोड़ने की आवश्यकता है ।

गिरिडीह कोडरमा नई रेल लाईन जो चालू हुई है, उसकी सीधी सेवा रांची, हावड़ा, पटना और दिल्ली तक कराने की आवश्यकता है । गिरिडीह से पारसनाथ, धनबाद से गिरिडीह, घाघरा से गिरिडीह रेलवे लाईन को गति प्रदान करने की आवश्यकता है । इसके साथ ही पारसनाथ-मधुबन-गिरिडीह रेलवे लाईन परियोजना प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा पर पूर्ण करने की आवश्यकता है तथा बाघमारा बाजार के मलकेरा में रोड ओवर ब्रिज बनाने की आवश्यकता है ।